**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 29.08.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज रायपुर में मुख्यमंत्री ने एक सौ पच्चीस खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।**
- **बिलासपुर जिले में ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत।**
- **मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।**

**राष्ट्रीय खेल दिवस**

देशभर में आज महान हॉकी खिलाड़ी और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता, मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने सभी खेल प्रेमियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका समर्पण, जुनून और दृढ़ संकल्प देश को गौरवान्वित करता है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक सौ पच्चीस चयनित खिलाड़ियों, प्रषिक्षकों और निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया। इनमें बयासी खिलाड़ी और तैंतालीस प्रशिक्षक और निर्णायक शामिल हैं। इन्हें शहीद राजीव पाण्डेय, शहीद कौषल यादव, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान और मुख्यमंत्री ट्रॉफी दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। बस्तर और सरगुजा ओलंपिक हर साल आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर का खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स भी इस साल छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार पांच प्रमुख मिशनों पर काम कर रही है। इनमें खेल उत्कृष्ट मिशन भी शामिल है।

समारोह में उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरूण साव और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सहित सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाषवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देष और विदेष के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाषवाणी और दूरदर्षन के सभी चैनलों, आकाषवाणी समाचार की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, आकाषवाणी समाचार, दूरदर्षन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा।

**भाजपा–कार्यशाला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक सेवा और जन–समर्पण के पच्चीस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे 'सेवा ही संकल्प' अभियान के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर लाभार्थियों तक पहुंचे। कार्यशाला में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा सत्रह सितंबर से सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। इस दौरान प्रदेषभर में पार्टी की ओर से विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

**केन्द्र–चीनी आवंटन**

केन्द्र सरकार ने चीनी की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा मासिक कोटा प्रणाली के स्थान पर अगले महीने से पखवाड़े के आधार पर चीनी आवंटन प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत चीनी मिलों को पहले सप्ताह में कम से कम चालीस प्रतिशत आवंटन और शेष मात्रा अगले सप्ताह में बेचनी होगी।

**साइबर जागृति अभियान**

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा पंद्रह अगस्त से शुरू किए गए "साइबर जागृति अभियान" का तीसरा सप्ताह कल से शुरू होगा। सहायक पुलिस महानिरीक्षक रोहित झा ने बताया कि अभियान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट से बचाव की जानकारी देने के साथ ही पुलिस अधिकारी बनकर की जाने वाली फर्जी कॉल के माध्यम से धमकी जैसे जोखिम से बचने के उपाय बताए जाएंगे। वहीं, बैंकिंग संबंधी जानकारी साझा करने के जोखिम और साइबर ठगी से बचाव के उपायों के प्रति भी लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

**दुर्घटना**

बिलासपुर जिले में आज ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। यह हादसा जुनापारा चौकी थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार तीन युवक एक मोटरसाइकिल से जा रहे थे, इसी दौरान ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह ग्राम किनारी के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**नेपाल–हादसा**

नेपाल में आई बाढ़ में मृतकों की संख्या बढ़कर अब छह सौ छब्बीस हो गई है, जबकि दो हजार से अधिक लोग अब भी लापता हैं। इस बीच, भारत ने बाढ़ प्रभावित नेपाल को मानवीय सहायता तेज कर दी है। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि तीन सौ बीस भारतीय नागरिकों से अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है। इस बीच, बाढ़ में फंसे छत्तीसगढ़ से जुड़े नौ नागरिकों की जानकारी मिली है। इनमें दो के परिजनों से संपर्क हो चुका है। वहीं, रायपुर के पांच नागरिक सुरक्षित हैं और वापस लौटने के लिए रवाना हो चुके हैं। जबकि, बिलासपुर और सरगुजा से जुड़े दो नागरिकों के लापता होने की सूचना है। राज्य सरकार, नेपाल प्रषासन और केंद्रीय एजेंसियों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है। प्रभावित नागरिकों और उनके परिजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**राज्यपाल–बलौदाबाजार**

राज्यपाल रमेन डेका आज बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के चाम्पा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने वरिष्ठ शिक्षकों और कक्षा दसवीं–बारहवीं के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय में नवनिर्मित सभाकक्ष का लोकार्पण भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक अपने आचरण और व्यवहार से विद्यार्थियों का रोल मॉडल बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता हासिल करने और कौशल विकास के लिए सहायक है।

**टेबल टेनिस**

रायपुर के बूढ़ापारा स्थित सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल में आज से प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का उदघाटन विधायक सुनील सोनी ने किया। इकतीस अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**जशपुर–शतरंज प्रतियोगिता**

जशपुर में पहली बार 'चेकमेट एट जशपुर – अखिल भारतीय ओपन फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता आज से शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरूण साव ने किया। एक सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बारह राज्यों के एक सौ पचहत्तर खिलाड़ी और कोच भाग ले रहे हैं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि शतरंज परम्परा और संस्कृति से जुड़ा हुआ खेल है। गौरतलब है कि यह प्रतियोगिता आठ चक्रों में फिडे स्विस प्रणाली के अनुसार हो रही है।

**मौसम**

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश होने की खबर है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बंगाल–उत्तरी ओडिशा के तटों पर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में बदली–बारिश की स्थिति बनी हुई है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रायपुर, दुर्ग, धमतरी, बेमेतरा, बालोद, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, जांजगीर–चांपा, सक्ती, सारंगढ़–बिलाईगढ़, रायगढ़ और जशपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी दी है।

**संक्षिप्त समाचार**

– राज्य शासन ने भारतीय वन सेवा के अधिकारी विवेक आचार्य को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड के कार्यकारी संचालक के पद पर पदस्थ किया है।

– उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज जशपुर में तिरानवे करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

– सुकमा जिले के पोलमपल्ली स्थित बालिका पोटाकेबिन में पिछले दो दिनों में सैंतालीस छात्राएं अचानक बीमार हो गईं। उन्हें दोरनापाल स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया है। आशंका जताई गई है कि फूड प्वॉइजिंग के कारण छात्राओं की तबीयत बिगड़ी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>